फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री सुरेश पालीवाल पिता श्री उदयलाल पालीवाल नि. कर्मचारी कॉलोनी, नाथद्वारा

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, नाथद्वारा

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 89/2022**

कमांक	**कार्यवाही विवरण**	**हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई**
	दिनांक 10.04.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, नाथद्वारा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु ऑन लाईन प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, नाथद्वारा को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, नाथद्वारा द्वारा जरिये पत्रांक भू.अ./सू.अ./2023/304–305 दिनांक 22.03.2023 से प्राप्त रिपोर्ट एवं संलग्न अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को दिनांक 21.03.2023 को प्राप्त हो जाने से अपील निरस्त करवाने हेतु अनुरोध किया गया है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, नाथद्वारा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, नाथद्वारा की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को दिनांक 21.03.2023 को प्राप्त हो जाने व अपील निरस्त करवाने हेतु अनुरोध किये जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, नाथद्वारा को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	